Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 11-08-2005

Participants : Mann Sardar Zora Singh

>

Title : Need to solve the problems being faced by farmers in the border areas of Ferozepur Parliamentary Constituency, Punjab.

श्री जोरा सिंह मान (फिरोज़पुर) : महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र फिरोजपुर पंजाब एक सीमावर्ती क्षेत्र है, जो कि लगभग 300 किलोमीटर लम्बा है और बिल्कुल कन्ट्रोल लाइन के साथ साथ है। यही कारण है कि मेरा क्षेत्र फिरोजपुर विकास में बहुत पीछे है। न तो यहां कोई संयंत्र और न ही कोई शिक्षा के अच्छे स्रोत हैं। यहां बेरोजगारी, गरीबी, अशिक्षा बहुत ज्यादा है। दो बड़ी हिंद-पाक लड़ाईयां 1965 और 1971 का सामना भी मेरे क्षेत्र के लोग कर चुके हैं। इन लड़ाइयों ने तो फिरोजपुर को तबाह कर दिया है। इसके अलावा सतलुज नदी भी मेरे क्षेत्र के साथ साथ चलती है। बार-बार बाढ़ का सामना भी हम कर चुके हैं। इन कारणों के चलते मेरा इलाका बहुत पीछे है। जो थोड़ा बहुत है, वह किसानों पर निर्भर है। सीमा के साथ साथ कांटेदार तार लगायी गयी है, परंतु इस तार के पार बहुत सारे किसानों की जमीनें हैं। मेरे इलाके के इन किसानों की कुछ समस्यायें हैं, वो आपके सामने रखना चाहता हूं।

एक तो इन किसानों को बी.एस.एफ की तरफ से तार के पार खेती के लिए जाने के लिये कम समय दिया जाता है। वह बढ़ाया जाये। इन गरीब किसानों के पास बहुत कम जमीनें हैं। इनको ज्यादा से ज्यादा केन्द्र सरकार मुआवजा दे। इस कांटेदार तार को पार करने के लिए गेट लगाये गये हैं। इन किसानों की सहूलियत के लिए अधिक से अधिक गेट खोले जायें ताकि इनको खेतों में जाने के लिए अधिक दूरी न तय करनी पड़े।

24 घंटे बिजली सप्लाई भी इनको दी जाये। इन किसानों की औरतें बड़ी संख्या में तार के पार काम करने के लिए जाती हैं, मगर उनकी तलाशी के लिए जनाना पुलिस नहीं है। उसका प्रबंध किया जाये।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह इन सभी समस्याओं पर विशो ध्यान दे।